आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.01.2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछली कई सदियों में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों के बावजूद मंदिर, भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि यह वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज से एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ शब्द सुनते ही देशवासियों के मन में अद्भुत साहस और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि देश की शाश्वत परंपरा का प्रतीक सोमनाथ मंदिर गुजरात राज्य के पश्चिमी तटीय इलाके प्रभास पाटन में स्थित है।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में योगदान देने वालों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी, जब जीर्णोद्धार के बाद मंदिर भक्तों के लिए खोले जाने के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

ग्लोबल समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में शामिल होने जयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। जो

उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे। डॉ. यादव मध्यप्रदेश प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की विस्तृत रूपरेखा वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। डॉ.यादव ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश IT समेत सभी सेक्टर में तरक्की कर रहा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान की साझा विरासत, साझा विकास है। यहां के लोगों को भी रोज़गार मिले, तकनीक बहुत ज़रूरी है।

शिवराज-जी राम जी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है। श्री चौहान ने तमिलनाडु के इरोड में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान समय पर मिलेगा।

मौसम

अब खबर मौसम की, पिछले 3 दिन से पूरा प्रदेश कोहरे की आगोश में है। भोपाल में सुबह 6 से 7 बजे के बीच इतना घना कोहरा था कि 20 मीटर बाद कुछ दिखाई नहीं दिया। नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में गाड़ियों की सीट पर बर्फ की परत जमी मिली। छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां आज तापमान 1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। खजुराहो, गुना, दमोह, सागर, जबलपुर, नौगांव, दतिया, धार, ग्वालियर, इंदौर, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, रीवा, सतना, श्योपुर, बालाघाट, उमरिया, सीधी, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में कोहरे का असर देखा गया। रायसेन

जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का कहर जारी है। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से लगातार 'कोल्ड डे' की स्थिति बनी हुई है। मंडला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि शीत लहर और ठंढ के कारण स्कूलों में आज कल अवकाश घोषित किया गया है। इधर भोपाल में भी सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कल रात भोपाल में रैन बसेरे का निरीक्षण कर जरूरतमंदों और महिलाओं को गर्मागर्म चाय पिलाई साथ ही ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए।
- शिवपुरी जिले में कल साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में आमजनों ने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की खरीदारी की।
- आगरमालवा नगर पालिका परिषद द्वारा कल विशेष चेकिंग अभियान के दौरान अमानक स्तर की लगभग 8 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त कर व्यापारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई।
- केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में भोपाल के निजी मेडिकल डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा बंदियो के दन्त शिविर आयोजित किया गया।